UGC Approved Journal No. 48416 Impact Factor : 2.314
Interdisciplinary Journal of Contemporary Research, Vol. 8, No. 9, September, 2021 ISSN : 2393-8358

# Dalits and Cultural Representation

**Dr. Ashwin Parijat Anshu**
Assistant Professor, Dept of History, Zakir Husain Delhi College, Delhi University

The issue of cultural representation of dalits is something that has generally not figured much in scholarly writings. How do dalits register their own cultural voice? What are the cultural dilemmas they face? I have used Ramakatha as an entry point to explore these issues that are very significant for dalits in contemporary India.

In 1987, the television serial Ramayana spread a wave of 'epic fever' referring to its overwhelming popularity. It was scheduled to come to end with Ram's victory over Ravana and his coming back to Ayodhya. The possibility that the television Ramayana might conclude without portraying the episodes dealing with Sita and their purported ancestor upset a number of sanitation workers in north India greatly. Mass of sanitation workers in Jalandhar went on strike to demand the continuation of the serial to show the *uttarkand*. They mobilized MPs who eventually succeeded in getting the serial to telecast the final episode.[1]

The reason for the anger of dalits to the proposed closure of the serial lay in their unique relationship with the Ramakatha tradition. One of the most numerous dalit castes in north India are Valmikis, who trace their descent from Valmiki, the traditional author of the Sanskrit epic. They constitute 11% of all dalit castes and close to 20% in north India. They worship 'bhagwan valmiki' as an avtar of God. When the serial ended without showing the episode of the banishment of Sita, the dalits felt that their own ancestor had been belittled.

For centuries, dalits have been excluded from registering their voice in the cultural domain. An influential concept in anthropology of culture, 'great' and 'little' traditions, it is the latter, local traditions, expressed in oral and folk forms, that dalit castes are supposed to inhabit. The 'great' Sanskrit traditions, the hallmarks of civilization so to say are seen as handiwork of more accomplished people. Typically, the 'cultural heritage' of India is seen to consist of the great traditions, in literature, art, or religion. The contribution of the tribals and lower castes are almost entirely forgotten.

While the Orientalists sought to study Hinduism in terms of its sacred scriptures essentially the Sanskrit texts produced by the Brahmanas, the colonial administrators cum ethnographers mapped out the 'popular Hinduism' which referred to the religious beliefs and practices of the lower classes. The highest ideas, the loftiest philosophy was attributed to the Hinduism of the Vedas and the Upanishads, while the later popular Hinduism was seen to be a degeneration from that supposed golden age when classical Hindu culture and civilization prevailed. L.SS. O'Malley typifies this understanding of Indian religious tradition.

> India has been described as land of contrasts, and in nothing are the contrasts more marked than in Hinduism, in which the differences in beliefs and practices of the cultured classes and those of the masses, mostly unlettered villagers, are so great that they seem to be almost differences of kind rather than of degree. The religion of the latter has few of the higher spiritual conceptions of Hinduism and represents in the main its lower side. [2]

This attitude of attributing all 'higher spiritual conceptions of Hinduism' to brahmanical sanskritic tradition became almost the standard in social and cultural perspective

[1] *India Today* (31 August 1988), 81
[2] L.S.S. O Malley, Popular Hindusim, the Religion of the Masses, Cambridge University Press, London, 1935, p. 1

UGC Approved, Journal No. 48416 (IJCR), Impact Factor 2.314 **ISSN : 2393-8358**

# Interdisciplinary Journal of Contemporary Research

*An International Peer Reviewed Refereed Research Journal*

**Vol. 8, No. 10** **October, 2021**

**PEER REVIEWED JOURNAL**

**EDITOR**

**Dr. H.L. Sharma**
Associate Professor
Shimla, Himachal Pradesh

**Dr. Hans Prabhakar Ravidas**
Assistant Professor
Department of Performing Arts,
National Sanskrit University, Tirupati

**Dr. Anil Kumar**
Assistant Professor, Department of History
Rajdhani College, University of Delhi

**Published by**
**VPO Nandpur, Tehsil-Jubbal, District-Shimla, Himachal Pradesh**
email : ijcrournal971@gmail.com, Website : ijcrjournals.com

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| | राष्ट्रसंत श्री मोरारी बापू : राष्ट्रीय चेतना के सजग प्रहरी<br>**डॉ0 रमेशचन्द्र** | 1-2 |
| | चित्रा मुद्गल की कहानियों में नारी संवेदना<br>**बन्दना सिंह** | 3-6 |
| | पन्त की काव्य–साधना और प्रकृति<br>**कनिका शर्मा** | 7-10 |
| | स्नातक स्तर पर ग्रामीण छात्र तथा छात्राओं की समायोजन क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन<br>**तिलकराज सिंह** | 11-12 |
| | शहरी शिक्षक प्रशिक्षण महावद्यिालयों में नियुक्त स्ववित्तपोषित पुरुष तथा सभी शिक्षकों में व्याप्त आर्थिक तनाव का अध्ययन<br>**अखिलेश पाण्डेय** | 13-14 |
| | जनपद जौनपुर के शहरी प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापनरत महिला तथा पुरुष समायोजित शिक्षकों की कार्य सन्तुष्टि का अध्ययन<br>**लवकुश गुप्त** | 15-16 |
| | शिक्षकों की आक्रामकता का विद्यार्थियों की शैक्षिक दुश्चिंता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन<br>**संजीव कुमार एवं डॉ0 यू0एस0 गुरु** | 17-18 |
| | नागार्जुन का काव्य सौंदर्यबोध<br>**डॉ0 अमरजीत राम** | 19-22 |
| | संस्कृतीकरण की अवधारणा<br>**डॉ0 राकेश प्रताप शाही** | 23-25 |
| | A Comparative Analysis of the Financial Performance of Maruti Suzuki India Limited and Tata Motors Limited<br>**Ritanshu Srivastava & Dr. Shailendra Kumar Upadhayay** | 26-32 |
| | धर्म एवं नैतिकता : गाँधी की दृष्टि में<br>**डॉ0 मनोज कुमार** | 33-36 |
| | Hindu Anthropology and Its Critiques on the Conceptualizations of Hinduism, Tribe and Indian Civilization<br>**Netrapal Singh** | 37-42 |
| | Horticulture and Economic Growth in India: Issues and Challenges<br>**Dr. Amit Pandey** | 43-50 |
| | रुहेलखण्ड राज्य निर्माण में हाफ़िज रहमत खान का योगदान (भाग–1)<br>**ज़ीनत जहाँ** | 51-60 |
| | मानकोट शैली में चित्रित अन्य राज्यों के शासकों के व्यक्तिचित्र<br>**नेहा मर्तोलिया** | 61-66 |
| | हिन्दी भाषा में स्त्री विमर्श की प्रासंगिकता<br>**अतुल कुमार सिंह** | 67-68 |

| | | |
|---|---|---|
| | Cooperation or Contention among the Member States of SCO with Special Reference to India and Pakistan<br>**Rajesh Kumar Singh** | 69-74 |
| | Presentation of Grotesque of post-Civil War Nigerian Society in Ben Okri's Dangerous Love<br>**Bappa Adhikari** | 75-80 |
| | प्रबन्ध में श्रमिकों की सहभागिता : एक दृष्टिकोण<br>**डॉ0 मदन कुमार श्रीवास्तव** | 81-86 |
| | Auditing Practices & Its Need in Corporate Governance (In Special Reference to "Yes Bank")<br>**Dr. Arun Kumar Singh & Gaurav Kumar Bisen** | 87-92 |
| | A Comparative Study of Private and Public Telecom Industry based on their Performance<br>**Ravikant Jaiswal & Ayushi Yadav** | 93-100 |
| | Biodiversity and Sustainable Development<br>**S.K. Shukla, Ram Autar & Devendra Pratap Mishra** | 101-106 |
| | शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों की पर्यावरण जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन (जिला होशंगाबाद के सन्दर्भ में)<br>**कविता पटेल एवं डॉ0 रेखा गुप्ता** | 107-108 |
| | महिलाओं की प्रजननशीलता में संयुक्त परिवार का प्रभाव : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन<br>**डॉ0 प्रभात कुमार सिंह एवं बबिता चौधरी** | 109-112 |
| | Reimagining Tulsidas<br>**Dr. Ashwin Parijat Anshu** | 113-118 |

Reg. No. 694/2009-10 Impact Factor : 5.029
Anukriti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 11, No. 9, September 2021 ISSN : 2250-1193

# Colonial Remapping of the Ramkatha Tradition

**Dr. Ashwin Parijat Anshu**
Assistant Professor, Dept of History, Zakir Husain Delhi College, Delhi University

Under colonial conditions, a specific epic imagination came to be constructed in which epic became an imaginative tool to locate culture. Epics came to be seen as metanarratives which fixed the identity of culture/civilisation/nation. Ramayana (and Mahabharat) came to be valorized as constituting the historical memory of entire Hindus and later as foundational texts for religious and cultural identification like the Bible. Simultaneously, they acquired significance as offering an insight into the oldest, purest and most natural forms of poetry and value system. Notions like the 'epic age' acquired importance in this context. The ways in which epics were centralized in the colonial culture discourse remapped the Ramkatha tradition onto a very different cultural context and reconstituted it in different ways. The Indian response to this remapping was crucial in giving the epic its modern national contours and its place in national culture.

**The Orientalist rediscovery of Ramayana**

Edwin Arnold credited the European discovery of Ramayana and Mahabharata to William Jones.[1] 'There existed two colossal, unparalleled epic poems, in the sacred language of India- the Mahabharata and the Ramayana,- which were not known to Europe even by name, until Sir William Jones announced their existence.' With William Jones Ramayana also came to be interpreted within a comparative cultural framework. He highlighted affinities of the Valimiki Ramayana with Greek epics and even suggested that Rama and Dionysius could be one and same.

The first poet of the Hindus was the great *Valmic*, and his *Ramayan*, is an Epick (sic) Poem on the same subject, which in unity of action, magnificence of imagery, and elegance of style, far surpasses the learned and elaborate work of *Nonnus* entitled *Dionysiaca,* half of which or twenty-four books I perused with great eagerness when I was very young, and would have travelled to the conclusion of it if other pursuits had not engaged me. I shall never have the leisure to compare the *Dionysiacks* with the *Ramayan,* but am confident that an accurate comparison of the two poems would prove Dionysus and Rama to have been the same person; and I am inclined to think that he was Ram, the son of Cush, who might have established the first government in this part of Asia.[2]

In 1808, Carey and Marshman, the Serampore missionaries published the first modern text of Ramayana with an English translation to 'Illustrate the character and learning of the Hindoos'. 'The reverence in which it is held, the extent of country through which it is circulated, and the interesting view which it exhibits of the religion, the doctrines, the mythology, the current ideas, and the manners and the customs of the Hindoos' was underlined as justifying the interest in its publication.[3] But it was German Orientalist August Wilhelm von Schlegel's (whose younger brother Friedrich Schegel was a Romantic) partial translation of Ramayan which appeared in 1829 that ignited real European fascination with this text. Schlegel had been fervently excited with the discovery of ancient Sanskrit texts which to him represented 'the origin of all languages, thoughts and poems of the human spirit'. Between

[1] Edwin Arnold, *Indian Idylls*, London, 1883, p. 5
[2] Wilson Jones, *Asiatic Researches*, Vol. i , 1803, p. 258
[3] William Carey and Joshua Marshman, The Ramayuna of Valmeeki in the Original Sangskrit, Serampore, 1808

Ashwin P. Anshu

UGC Approved Journal No. 49321 Impact Factor : 5.427
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12.2, December, 2021 ISSN : 0976-6650

# An Oral Tradition and Its Transformation

**Dr. Ashwin Parijat Anshu**
Assistant Professor, Dept of History, Zakir Husain Delhi College, Delhi University


The *katha* is essentially an audience-oriented performance genre. During the course of fieldwork, the researcher attended a number of *katha* performances as well as met a number of people in Delhi and Banaras. Most of what is described below is based on that. The account of the audience experience, even though impressionistic, does help in giving an insight into the variety of audience responses to this genre of performance.

Although considerable variation can be found in the type of audience who come to *katha* in different cities, and within a city, in the different neighbourhoods or localities, but broadly speaking, the predominant presence in *katha* programs is of men and women belonging to a higher age group and from a background possessing a measure of economic security. Adolescents and youth, at most venues were present in very small numbers and from this age group are more likely to be girls than boys. Girls accompany their mothers or grandmothers, and hardly constitute "serious" listeners. The parents it seems are satisfied with just their presence and do not egg them on to listen attentively.

Also people with poor economic backgrounds do not constitute any numerically significant category of listeners, particularly for non-sequential public *kathas*. Just a few days before the *katha* at Birla Mandir was scheduled, the researcher paid a visit to the place to ascertain the program. Speaking to a regular worker at the place, the researcher asked him about his impression about *katha* in the previous years. The regular worker was quiet fluent in his knowledge of Hindu mythology and produced quotations from *Manas* but scarcely showed any enthusiasm for *katha* saying it was a luxury, which only the rich could afford. "For us, our priority is to secure meals for our existence."[1] He also took a dim view of the audience involvement in *katha*. "The interest in katha is declining every year. Now people (with a tone of sarcastic humour) are turning to cinemas and parties which offer greater scope for titillation." Although aware of the fame of Ramkinkar Upadhyaya, he nevertheless exhibited cynicism: "So what! There are many learned scholars, who haven't shed *moh-maya* even after mastering scriptures." I asked him if he meant the high fees commanded by Upadhyaya, he answered in the affirmative. Writing about this after the *katha* at Birla *Mandir* appears particularly ironical, for Ramkinkar's exposition was precisely about how *moh* was a barrier in spiritual progress and how to obtain release from this mental affliction. Here the poignant response given by the cobbler sitting outside the Birla *Mandir* fits aptly, "Brother, they have the need for attending *kathas* who do not possess Rama. As for me, in the midst of my work there is not one moment when I do not remember him. He forever resides in my heart". Thus, even as Rama is a symbol of popular devotion; this does not obliterate class differences and antagonisms. Indeed the meaning and significance attached to Rama is different for the lower class people than the affluent audience of the *katha* at Birla *Mandir*.

As for the latter, the researcher had an opportunity to take an "insider" view when he interviewed Ramkinkar Upadhyaya at his temporary residence in Safdarjung Enclave, a 'posh' locality in South Delhi. There he received visitors who called on him personally or were acquainted with him. Most of the visitors were from affluent families. When the researcher reached the residence, only a few visitors were present. One of them, sitting close by – an old lady, impressively dressed, was narrating to a younger woman about how once Dr. Rajendra

[1] Rajkumar, Birla Mandir, Delhi, 14-3-99


CLASSIC REPRINT SERIES
BENGAL, PAST AND PRESENT
Vol. 139, Issue: (III) July - December 2021
by
Calcutta Historical Society
Borgotten Books

UGC Care Group 1 Journal
ISSN : 0005-8807

# SOCIAL IMPACT OF THE *MAHALWARI* SYSTEM: INCREASE IN THE CASES OF FEMALE INFANTICIDE IN THE *NORTH- WESTERN PROVINCES AND OUDH*

**Md. Hamid Husain**
Department of History, Zakir Husain Delhi College, University of Delhi, Delhi, India

**Abstract:**

The *Mahalwari* System was one of the three major land revenue settlement, first introduced in the region of the *Western Provinces*, under the regulation VII of 1822, by Company administration in a series of experimentation and claimed to be an improvement over the previous two existing systems, viz., the permanent *Zamindari* and the *Ryotwari* because of its hybrid nature. The *Western Provinces* name was changed into the *North- Western Provinces* in 1836 when it merged with the Ceded and Conquered Provinces. Oudh came under the administration of the *North-Western Provinces* on the recommendation of T C. Robertson in 1843 and from that time it has been named as *North- Western Provinces and oudh.* In 1901, *North- Western Provinces and oudh* name was into United Provinces. Further, it was extended up to areas of the Central Provinces and the undivided British Punjab. Here, the settlement directly made with the proprietary bodies or villages or estates or *Mahals* on the instruction of the settlement officers, who fixed the rent with the consultation of '*lambardar*' and the rent to be paid by the cultivating peasants. Some historian considered it as a modified version of *Zamindari* settlement. It was noticed that the operation of *Mahalwari* System in the *North Western Provinces and Oudh* increased the cases of '*Female Infanticides*' on the same pattern as the introduction of Permanent *Zamindari* Settlement increased the cases of '*Sati-dah*' in the Bengal Presidency. It was the worst social cum gender outcome of the operation of the *Mahalwari* settlement. Even today, it remains a critical concern in a number of third world countries notably China and India. Here in this paper I would like to point out that how the operation of the *Mahalwari* settlement increased the cases of '*Female Infanticides'* in the region of *North- Western Provinces and oudh* during the colonial rule of English East India Company.

**Keywords:** *Mahalwari system, North- Western Provinces and Oudh, Zamidari, Roytwari, Mahals, lambardar, Female Infanticides, Sati-dah, East India Company.*

*'Female Infanticide'* means an intentional killing of infant or new born girl baby at the time of their birth or after sometime of their birth against the preference for baby boy reflects the low status accorded to women in most parts of the world. Simply, it describes a gender or sex- selective killing. Certain forms of infanticides or the practice of killing infant girl baby were prevailed and even considered permissible in most past culture and societies. The practice of female infanticide had taken many forms like child sacrifice during ancient time. It remains a critical concern and common worries in a number of *Third World Countries* especially in China and India. But it was also prevailed in the developed world of Europe and America in the past. It is arguably the most heinous, cruel, horrible, brutal and destructive act of the anti-female bias that displayed the low value associated with the birth of females pervades in a patriarchal set-up of society. The broader phenomenon of infanticides also targeted the physically challenged and mentally retarded new born male infant baby.

In colonial India, British observers' believed that the practice of killing infant girl baby prevailed among twice-born upper caste Hindu in general and the *Rajput* tribes or clans in particular associated

Vol. 96, No.09 (I) September 2022

ISSN : 0972-0766

# JOURNAL OF THE ASIATIC SOCIETY OF MUMBAI

(A UGC - CARE Listed Journal)

**Editors**
**Dr. Parineeta Deshpande**
**Dr. Ambarish Khare**

**Published by**
**Asiatic Society of Mumbai**
Town Hall, Mumbai - 400 001.
Maharastra State (INDIA)
**2022**

Journal of the Asiatic Society of Mumbai
ISSN : 0972-0766
UGC Care Group I Journal

# 1857: FIRST WAR OF INDIAN INDEPENDENCE IN THE NORTH- WESTERN PROVINCES

**Dr. Md. Hamid Husain**
Department of History, Zakir Husain Delhi College, University of Delhi, Delhi, India

**Abstract:**
North- Western Provinces have been created in 1836 when ceded and conquered provinces (1801 and 1803 respectively) got merged with the western provinces. Oudh came under the administration of the North Western Provinces on the recommendation of T.C Robertson in 1843-44 and from that time it has been named as North Western Provinces and Oudh. This fertile tract called as heartland of Northern India which was full of gardens and beautiful scenery. Its name had been changed to United Provinces in 1901 -2. It includes the whole portion of present Uttar Pradesh with some portion of Madhya Pradesh, Haryana, and also includes the whole area of Uttarakhand and Delhi. In this paper I would like to see the magnitude of the revolt of 1857 in the region of North- Western Provinces and made an attempt to support the view of the 'First war of Indian independence' presented by Vinayak Damodar Savarkar in his famous work entitled "*1857: The Indian War of Independence*" first published in 1909 from England. In fact, Karl Marx declared the revolt of 1857 as the 'national struggle' against the British exploitative rule much earlier in 1858. The participation of agrarian class and communities (either cultivating peasants, or agricultural labourers or landholders constituting almost between 85% to 90% population of the then existing social fabric) with such a huge representation from this province alter the nature and character of the revolt of 1857 presented as the *sepoy mutiny* by the imperialist historians into an *en masse* peasant rebellion and further a rebellion of the people. The participation of such a large percentage of population with slogans like *firangi ko maro* from North- Western Provinces provide the patriotic fervor and enthusiastic zeal against the colonial administration of *Company Bahadur* eventually turned the revolt into a war of national independence.

**Introduction:**

The Revolt or *'Ghadar'* of 1857 *or 'Jang -i- Azadi'* (term first used by Maulvi M. Bakar, a contemporary journalist in his Urdu Akhbar. In those days, Urdu was ~~then~~ the language of common people and well received in the society by a larger section), also called '*The Great Indian Rebellion*' or *The Peasants' War* or '*The Great Uprising of people' or 'The First War of Indian Independence'* broke out as an earthquake in the form of major *'Sepoy Mutiny'* on May 10, 1857 against the mightiest Colonial Empire of the contemporary world established by the English East India Company after winning the two successive battle i.e., the Battle of *Plassey* (1757) and the Battle of *Buxar* (1764), ended as a failure with immediate concern but a very successful movement on the basis of its far- reaching future outcome. The epicenter of the event was Meerut city of present *Uttar Pradesh* (only 64 km away from Delhi). The *Ghadar* of 1857 is increasingly recognized as one of the foremost and greatest event of the nineteenth century Indian history and provided a strong legacy to the national liberation movement of our nation.[1] It considered as a historic landmark in the evolution of national liberation movement and proved to be

[1] S Moosvi (ed.) *Facets of the Great Revolt 1857*, Tulika Books, New Delhi, 2008, Introduction, p- xi



14:07

Reg. No. : N-1316/2014-15

**I2OR Impact Factor : 3.002**
**ISSN : 2394-2207**

# उन्मेष
# Unmesh

**An International Half Yearly Peer Reviwed Refereed Research Journal (Arts & Humanities)**

**Vol. : VII** | **No. II** | **May-October, 2021**

प्रधान सम्पादक
डॉ० राधेश्याम मौर्य

सम्पादक
डॉ० शिवेन्द्र कुमार मौर्य

सह-सम्पादक
डॉ० मनोहर लाल
डॉ० अखिलेश कुमार
डॉ० रामचन्द्र रजक

प्रकाशक
जन सेवा एवं शोध शिक्षा संस्थान, प्रतापगढ़-२३०००१ (उ०प्र०)

उन्मेष Unmesh - ISSN 2394-2207

IIJ Impact Factor : 2.011
Vol. VII, No. II
May-October, 2021
Pg. No. 18-20

# महात्मा गाँधी की शिक्षा संबंधी प्रमुख संकल्पनाएँ

राम विलास मौर्या*
*शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भारतीय शिक्षा का इतिहास भारतीय सभ्यता का भी इतिहास है। हम इसे भारतीय समाज के विकास और उसमें होने वाले परिवर्तनों की रूपरेखा में निरंतर विकसित होते हुए देखते हैं। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे प्राचीन भारत के विश्वस्तरीय संस्थानों ने अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षण और शोध के ऊंचे प्रतिमान स्थापित किए थे। इन संस्थानों ने भारत ही नहीं विश्व के कई देशों से आने वाले विद्यार्थियों और विद्वानों को लाभान्वित किया था। इसी शिक्षा व्यवस्था ने चरक सुश्रुत, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य, चाणक्य, चक्रपाणि दत्ता, माधव, पाणिनी, पतंजलि, नागार्जुन, गौतम, पिंगला, शंकरदेव, मैत्रेयी, गार्गी और थिरुवल्लुवर जैसे अनेक महान विद्वानों को जन्म दिया। इन विद्वानों ने वैश्विक स्तर पर ज्ञान के विविध क्षेत्रों जैसे गणित, भूगोल, विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान और शल्य चिकित्सा, सिविल, इंजीनियरिंग, भवन निर्माण, नौकायन निर्माण, दिशा–ज्ञान, योग, ललित कला, सतरंज इत्यादि में प्रामाणिक रूप से मौलिक योगदान दिए। लेकिन दुर्भाग्य की आगे चल कर हम अपनी इस शिक्षा की विरासत को और आगे ले जाने में सक्षम नहीं रहे।

भारतीय संस्कृति और दर्शन का विश्व में बड़ा प्रभाव रहा है। वैश्विक महत्व की इस समृद्ध विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज कर रखने की जरूरत है। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा व्यवस्था का निर्माण हुआ था वह समकालीन विश्व की शिक्षा व्यवस्था से उत्कृष्ट थी। लेकिन कालांतर में विदेशी आक्रांताओं के कारण भारतीय शिक्षा व्यवस्था का ह्रास हुआ। भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना होते ही इस्लामी शिक्षा का प्रसार होने लगा। फारसी जानने वाले ही सरकारी कार्य के योग्य समझे जाने लगे। हिंदू अरबी–फारसी पढ़ने लगे। बादशाहों व अन्य शासकों की व्यक्तिगत रुचि के अनुसार इस्लामी आधार पर शिक्षा दी जाने लगी। जिसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था बहुत ही कमजोर हो गयी। इसके बाद ब्रिटिश काल में शिक्षा में मिशनरियों का प्रवेश हुआ। 'मैकाले की शिक्षा नीति' के परिणाम स्वरुप अंग्रेजी भाषा का आधिपत्य स्थापित हुआ। इस शिक्षा नीति को अंग्रेजों के राज्य और उनके शासन संबंधी हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया था, जिसमें किसी तरह से भारतीयों का भला निहित नहीं था। भारतीय समाज की एकता को नष्ट करने तथा वर्णाश्रित कर्म के प्रति घृणा उत्पन्न करने के लिए मैकाले ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली को बनाया था। अंग्रेजों के इस नीति का लक्ष्य संस्कृत, फारसी और लोक भाषाओं के वर्चस्व को तोड़कर अंग्रेजी का वर्चस्व कायम करना और सरकार चलाने के लिए देशी अंग्रेजों को तैयार करना था।

इसके अलावा पश्चिमी सभ्यता एवं जीवन पद्धति के प्रति आकर्षण पैदा करना भी मैकाले शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य था। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में ईसाई मिशनरियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईसाई मिशनरियों ने ही सर्वप्रथम मैकाले की शिक्षा नीति को लागू किया। अंग्रेजी शिक्षा के संक्रमण के कारण ही भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का अंत हुआ और भारत में कई गुरुकुल बंद हुए तथा उनके स्थान पर कान्वेंट और पब्लिक स्कूल खोले गए।

महात्मा गाँधी की इस अंग्रेजी परस्त शिक्षा से घोर असहमति थी। वे भारत की सांस्कृतिक परम्पराओं, मान्यताओं एवं जीवन मूल्यों के प्रति अगाध निष्ठा रखते थे। वे एक सभ्य समतामूलक सहिष्णु सामाजिक संरचना के शिल्पी थे। गाँधी जी जीवनव्रती समाजसेवी थे। इसका प्रभाव इनकी शिक्षा सम्बन्धी संकल्पनाओं में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

हुमायूं कबीर ने महात्मा गाँधी के शिक्षा संबंधी विचारों को देश के लिए एक बहुत बड़ा योगदान बताया है। उनका कहना है, "राष्ट्र के लिए गाँधी जी की अनेक देनो में से नवीन शिक्षा के प्रयोग की देन सबसे महान है। यह तरुण व्यक्तिओं को सहयोग, प्रेम और सत्य के आधार पर एक समुदाय के रूप में रहने की शिक्षा देकर नये समाज के लिए नागरिकों के तैयार करने का प्रयत्न करती है।"

गाँधी जी ने शिक्षा के प्रचार–प्रसार और उसकी मानव जीवन में उपयोगिता के सम्बन्ध में बड़े ही सारगर्भित विचार प्रगट किए हैं। वैसे तो गाँधी जी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपने विचारों का प्रकाश डाला है, किन्तु शिक्षा के क्षेत्र में उनके विचार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे देश के प्रत्येक स्त्री – पुरुष को शिक्षित देखना चाहते थे। वे सर्व शिक्षा के हिमायती थे। गाँधी जी की अनेक महत्वपूर्ण आकांक्षाओं में उनकी एक आकांक्षा यह भी थी कि भारत का प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो। शिक्षित होने से उनका अभिप्राय यह था कि वह साक्षर हो। वे केवल अक्षर ज्ञान अर्थात साक्षरता को शिक्षा नहीं मानते थे। वे इसे ज्ञान या ज्ञान का माध्यम भी नहीं मानते थे।

गाँधी जी का कहना था, "साक्षरता, शिक्षा का न अंत और न प्रारंभ। यह केवल एक साधन है, जिसके द्वारा पुरुष और स्त्री को शिक्षित किया जा सकता है...शिक्षा से मेरा अभिप्राय

है, बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क और आत्मा में पाए जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का चतुर्मुखी विकास।"

इसके साथ ही "गाँधी जी शिक्षा को रोजगारपरक चाहते थे, जिससे छोटे छोटे शिल्पकारी का काम सीखकर वयस्क होने पर अपनी अभिरुचियों के अनुसार कुशल कारीगर बन सके। गाँवो के जनसाधारण में फैली हुई निरक्षरता भारत का कलंक है। वह मिटना ही चाहिए। ग्रामवासियो को गाँव का गणित, गाँव का भूगोल, गाँव का इतिहास, गाँव का साहित्य, तथा बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कृषि संबंधी नई–नई जानकारियाँ दी जाए। यह गाँधी जी शिक्षा संबंधी सुझाव भी था।"

गाँधी जी बालकों तथा बालिकाओं में चरित्र निर्माण के लिए शारीरिक शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा को अनिवार्य मानते थे। इसीलिए धार्मिक शिक्षा पाठ्यक्रम में अनिवार्य हो, इसकी बात वे हमेशा करते थे। उनका मत था कि सभी धर्मों की श्रेष्ठ बातों को पाठ्यक्रम में रखा जाए, जिससे शिक्षार्थियों में नैतिक गुणों का विकास हो सके।

गाँधी जी स्त्रियों को पुरुषों के समान ही शिक्षा देने के पक्ष में थे। वे हमेशा कहा करते थे कि यह मेरा पूर्ण विश्वास है जितनी शिक्षा पुरुष को मिलती है, उतनी ही स्त्रियों को मिलनी चाहिए। और जहाँ विशेष सुविधा की जरूरत हो, वहा स्त्रियों को विशेष सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। स्त्रियो को जीवन में विकास करने के लिए समान और विशेष अवसर मिलनी चाहिए। तभी देश का विकास संभव होगा। "गाँधी जी निरक्षरता को व्यक्ति और समाज के लिए अभिशाप मानते थे। लेकिन शिक्षा केवल भरण–पोषण के लिए नही है। यह समाज सेवा का भी माध्यम होना चाहिए। जैसे गहन अँधेरा दूर करने के लिए दीप से दीप जलाकर प्रकाश की ज्योतियाँ बिखेर देते हैं और अँधेरा दूर होता है, उसी प्रकार एक साक्षर व्यक्ति को दूसरे निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर करना, दीपक के प्रकाश की तरह अज्ञानता रुपी अन्धकार दूर करने के ही समान है।"

महात्मा जी मातृभाषा में शिक्षा देने के पक्ष में थे। उनका यह स्पष्ट मत था कि प्रत्येक देशवासी को उसकी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा देनी चाहिए। विदेशी भाषाओं के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा बालकों के प्रा. तिक अभ्युदय को रोकती है। अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले शिक्षार्थी आगे चलकर अपनी प्राचीन सांस्.तिक विरासत से वंचित रहते है। लार्ड मैकाले ने भारत की शिक्षा–प्रणाली में अंग्रेजी माध्यम का प्रारंभ इसी ध्येय से किया था कि यहा के लोग अपनी संस्.ति और और सभ्यता को भूल जाए और पूरी तरह से उनके गुलाम हो जाएँ। उर्दू के प्रसिद्ध कवि डॉ. इकबाल ने कहा था, 'अगर किसी कौम को खत्म करना है तो उनकी जबान बदल दो, वो कौम खुद–ब–खुद खत्म हो जाएगी।' "महात्मा गाँधी ने इसी बात को महसूस किया और अंग्रेजी भाषा के स्थान पर मातृभाषा को प्रधानता दी। मातृभाषा के प्रेम के कारण लोग अपने प्राचीन ग्रंथों को महत्व देंगे। इस प्रकार न केवल लोग अपनी भूली हुई संस्.ति को पहचानेंगे, वरन उनमें देश–प्रेम के साथ साथ नैतिकता की भी वृद्धि होगी।" गाँधी जी कहते है कि जिस प्रकार शिशु के लिए माँ का दूध स्वास्थ्य के लिए सभी प्रकार के तत्वों से भरपूर रहता है और माँ की गोद में प्रेमरस पान करता है, उसी प्रकार शिक्षार्थी मातृभाषा से ही शिक्षा और संस्कार दोनों प्राप्त कर सकता है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने "गाँधी जी की देन" नामक पुस्तक में उनके शिक्षा संबंधी विचारो के सन्दर्भ में लिखा है कि गाँधी जी ने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने का बड़ा विरोध किया था। कुछ लोग तो इससे बड़े पीछे पड गये कि लडकों को मुर्ख रखकर गाँधी जी क्या करेंगे? किन्तु गाँधी जी ने इस शिक्षा को अंग्रेजी सल्तनत का सबसे मजबूत पाया कहा है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी आगे कहते है कि मुझे याद है कि 1921 में असहयोग आन्दोलन के सम्बन्ध में गाँधी जी जब उड़ीसा का भ्रमण कर रहे थे तो किसी ने पूछा था कि, "आप अंग्रेजी शिक्षा का विरोध करते है किन्तु आप भी तो अंग्रेजी पढ़कर इतने बड़े आदमी बने हो।" महात्मा गाँधी जी ने उत्तर दिया, "महाराज मैं कोई विशेष पढ़ा–लिखा हुआ, बड़ा आदमी नही हुआ हूँ। अतः अपने बारे में तो कुछ कह नही सकता। हाँ, इसमें कोई शक नही है कि तिलक जी यदि अंग्रेजी माध्यम द्वारा शिक्षा न पाकर मातृभाषा द्वारा शिक्षा पाए होते तो कौन कह सकता है कि वह जितने बड़े हुए है, उससे भी बढ़कर नही होते? यदि वह गीता के भाष्यकार यों ही हुए, तो मातृभाषा द्वारा शिक्षा पाने पर न जाने और कितने बड़े विद्वान होते। उन्होंने कहा कि स्वामी शंकराचार्य या तुलसीदास जी कौन अंग्रेजी के पढ़े हुए थे? कौन नही जनता है कि वे संसार में बेजोड़ महापुरुष हुए हैं। इसमें कोई शंक नही है कि अंग्रेजी के कारण ही बड़े नही हुए बल्कि वे गुरु–शिष्य की भारतीय परम्परा के कारण बड़े हुए। देश के इतने ऋषि–महर्षि तो हमारी शिक्षा की उपज थे।

गाँधी जी बालक–बालिकाओं में आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से चरित्र निर्माण को विशेष महत्व देते हैं। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में आत्मिक शिक्षा नामक शीर्षक में लिखा है कि, 'विद्यार्थियों के शरीर और मन को शिक्षित करने की अपेक्षा आत्मा को शिक्षित करना कठिन है। आत्मा की शिक्षा एक बिल्कुल भिन्न विषय है। आत्मा का विकास करने का अर्थ है, चरित्र का विकास करना, ईश्वर का ज्ञान पाना, आत्मज्ञान प्राप्त करना। महात्मा गाँधी बालकों में नैतिक शिक्षा को अनिवार्य मानते थे। जब किसी ने गाँधी जी से पूछा शिक्षा कैसी हो? तो उन्होंने कहा कि शिक्षा से मेरा तात्पर्य है बालक का शारीरिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास हो।"

भारत में प्रचलित आज तक की शिक्षा–पद्धति की एक बहुत बड़ी त्रुटि यह भी थी कि आरम्भ से ही बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाई जाती थी और उसी के माध्यम से अन्य विषयों का ज्ञान कराया जाता था। यह नीति कितनी अस्वाभाविक, अराष्ट्रीय तथा घातक थी – इसका अनुभव धीरे–धीरे होने लगा और प्रत्येक विश्वविद्यालय में इस तरह के नियम बनाया जा रहा

है कि न केवल स्कूल की शिक्षा, बल्कि कॉलेजों की उच्चतर शिक्षा भी मातृभाषा अथवा भारतीय राष्ट्रभाषा के द्वारा दी जाए। "महात्मा गाँधी ने जो शिक्षा की योजना रखी, उसमें मातृभाषा को सदा मूर्धन्य स्थान दिया और राष्ट्रभाषा को भी उचित महत्व दिया। सारे विश्व में शिक्षाशास्त्रियों ने यह सिद्धांत मुक्त कंठ से स्वीकार कर लिया है कि शिक्षा का मुख्य अंग है 'प्रतिपाद्य विषय, न कि उसका माध्यम, और शैशव में मातृभाषा के अतिरिक्त दूसरा कोई उपयुक्त माध्यम हो ही नहीं सकता। शिक्षा का मापदंड यही है कि व्यक्ति अपने व्यावहारिक जीवन में उसका कैसा सफल उपयोग करता है, न कि यह कि वह तोते के समान कितना अधिक ज्यों का त्यों दुहरा सकता है। हमें विश्वास है कि सोवियत रूस की तरह हमारी सरकारें भी राष्ट्रभाषा के स्वस्थ विकास का ध्यान रखते हुए भी तत्तद प्रदेशों की मातृभाषाओं को भी सींचकर पनपने और फलने फूलने देंगी।"

भारत में स्वराज–प्राप्ति के बाद हमारी आर्थिक समस्याएं उतनी जटिल नहीं हैं जितनी पहले थी, कम से कम हमारी वह परवशता अब नही है जो अंग्रेजो की अधीनता में थी। ऐसी दशा में महात्मा गाँधी का यह जो आदर्श है कि प्रत्येक स्कूल स्वावलंबी हो, शायद परिस्थिति के अनुसार बदलना पड़ेगा और वास्तविक प्रयोग में वह जा भी रहा है।

शिक्षा–राष्ट्रीय रचनात्मक शिक्षा – सभी सुधारों की जननी है, अतः किसी भी राष्ट्र को इसके विकास के लिए अधिक से अधिक व्यय करने में भी नहीं हिचकना चाहिए। एक शिक्षित नागरिक स्वयं ही राष्ट्र की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। इसे देखते हुए हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि महात्मा गाँधी की शिक्षा सम्बन्धी संकल्पनाएँ देश की परम्परागत बुनियाद से जुड़ी हुई हैं और नयी शिक्षा नीति एक नए संकल्प के साथ अपने इस बुनियाद को और मजबूत करते हुए उस पर एक मजबूत भवन का निर्माण करने के लिए तत्संकल्प है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

1. पाठक डॉ. पी.डी. – त्यागी डॉ. जी. डी. – शिक्षा के सिद्धांत – महात्मा गाँधी की शैक्षिक विचारधारा।
2. त्रिपाठी, डॉ. प्रयाग नारायण, भारतीय चिंतन परम्परा के वाहक : गाँधी लोहिया और दीनदयाल, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।
3. रीतारानी पालीवाल, लोक मानस में गाँधी, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. गांधीजी, हिन्द स्वराज : नवजीवन प्रकाशक, अहमदाबाद–0141.
5. गांधीजी, हिन्द स्वराज : नवजीवन प्रकाशक, अहमदाबाद–0141.
6. मेरे सपनों का भारत – गाँधी जी – स्पीचेज एंड राइटिंग्स ऑफ महात्मा गाँधी।
7. कृष्णदत्त पालीवाल, गाँधीजी मानवता के नायक, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 114–15.

सन्दर्भ :

1. पाठक डॉ.पी.डी. – त्यागी डॉ. जी.डी. – शिक्षा के सिद्धांत – महात्मा गाँधी की शैक्षिक विचारधारा, पृष्ठ–244.
2. पाठक डॉ. पी.डी. – त्यागी डॉ. जी. डी. – शिक्षा के सिद्धांत – महात्मा गाँधी की शैक्षिक विचारधारा, पृष्ठ–246.
3. मेरे सपनों का भारत – गाँधी जी, पृष्ठ 205.
4. त्रिपाठी, डॉ. प्रयाग नारायण, भारतीय चिंतन परम्परा के वाहक : गाँधी लोहिया और दीनदयाल, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, पृष्ठ–67.
5. रीतारानी पालीवाल, लोक मानस में गाँधी, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ–176.
6. सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा – महात्मा गाँधी, पृष्ठ 309–10.
7. कृष्णदत्त पालीवाल, गाँधीजी मानवता के नायक, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ–114–15.

Approved by UGC
Journal No. : 63580
Regd. No. 21747

Indexed by : IIJIF, I2OR, SJIF
I2OR Impact Factor : 4.850
ISSN 2277-2014

# Research Discourse

*An International Peer-reviewed Refereed Research Journal*

**Vol.-IX** **No. II** **April-June 2019**

**Editor in Chief**
***Anish Kumar Verma***

**Associate Editors**
***Rakesh Kumar Maurya***
***Purusottam Lal Vijay***
***Romee Maurya***
***Shivendra Kumar Maurya***

*Published by :*
***South Asia Research & Development Institute***
B. 28/70, Manas Mandir, Durgakund, Varanasi-221005, U.P. (INDIA)
Website : www.researchdiscourse.org
E-mail : researchdiscourse2012@gmail.com
Mobile : 09453025847, 8840080928

**Research Discourse** (ISSN 2277-2014) : An International Peer-reviewed Refereed Research Journal, **Published by** : SARDI, Varanasi, U.P. (INDIA)
**Indexed by** : IIJIF, I2OR, SJIF, **I2OR Impact Factor : 4.850**, Vol. IX, No. I, April-June, 2019, Page No. : 46-47

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की शिक्षा संबंधी प्रमुख संकल्पनाएँ

**राम विलास मौर्या***
*शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भारतीय शिक्षा का इतिहास भारतीय सभ्यता का भी इतिहास है। हम इसे भारतीय समाज के विकास और उसमें होने वाले परिवर्तनों की रूपरेखा में निरंतर विकसित होते हुए देखते है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे प्राचीन भारत के विश्वस्तरीय संस्थानों ने अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षण और शोध के ऊंचे प्रतिमान स्थापित किए थे। इन संस्थानों ने भारत ही नहीं विश्व के कई देशों से आने वाले विद्यार्थियों और विद्वानों को लाभान्वित किया था। इसी शिक्षा व्यवस्था ने चरक सुश्रुत, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त, चाणक्य, चक्रपाणि दत्ता, माधव, पाणिनी, पतंजलि, नागार्जुन, गौतम, पिंगला, शंकरदेव, मैत्रेयी, गार्गी और थिरुवल्लुवर जैसे अनेक महान विद्वानों को जन्म दिया। इन विद्वानों ने वैश्विक स्तर पर ज्ञान के विविध क्षेत्रों जैसे गणित, भूगोल, विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान और शल्य चिकित्सा, सिविल, इंजीनियरिंग, भवन निर्माण, नौकायन निर्माण, दिशा–ज्ञान, योग, ललित कला, शतरंज इत्यादि में प्रामाणिक रूप से मौलिक योगदान दिए। लेकिन दुर्भाग्य की आगे चल कर हम अपनी इस शिक्षा की विरासत को और आगे ले जाने में सक्षम नहीं रहे।

भारतीय संस्कृति और दर्शन का विश्व में बड़ा प्रभाव रहा है। वैश्विक महत्व की इस समृद्ध विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज कर रखने की जरूरत है। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा व्यवस्था का निर्माण हुआ था वह समकालीन विश्व की शिक्षा व्यवस्था से उत्कृष्ट थी। लेकिन कालांतर में विदेशी आक्रांताओं के कारण भारतीय शिक्षा व्यवस्था का ह्रास हुआ। भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना होते ही इस्लामी शिक्षा का प्रसार होने लगा। फारसी जानने वाले ही सरकारी कार्य के योग्य समझे जाने लगे। हिंदू अरबी–फारसी पढ़ने लगे। बादशाहों व अन्य शासकों की व्यक्तिगत रुचि के अनुसार इस्लामी आधार पर शिक्षा दी जाने लगी। जिसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था बहुत ही कमजोर हो गयी। इसके बाद ब्रिटिश काल में शिक्षा में मिशनरियों का प्रवेश हुआ। 'मैकाले की शिक्षा नीति' के परिणाम स्वरुप अंग्रेजी भाषा का आधिपत्य स्थापित हुआ। इस शिक्षा नीति को अंग्रेजों के राज्य और उनके शासन संबंधी हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया था, जिसमें किसी तरह से भारतीयों का भला निहित नहीं था। भारतीय समाज की एकता को नष्ट करने तथा वर्णाश्रित कर्म के प्रति घृणा उत्पन्न करने के लिए मैकाले ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली को बनाया था। अंग्रेजों के इस नीति का लक्ष्य संस्कृत, फारसी और लोक भाषाओं के वर्चस्व को तोड़कर अंग्रेजी का वर्चस्व कायम करना और सरकार चलाने के लिए देशी अंग्रेजों को तैयार करना था।

इसके अलावा पश्चिमी सभ्यता एवं जीवन पद्धति के प्रति आकर्षण पैदा करना भी मैकाले शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य था। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में ईसाई मिशनरियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईसाई मिशनरियों ने ही सर्वप्रथम मैकाले की शिक्षा नीति को लागू किया। अंग्रेजी शिक्षा के संक्रमण के कारण ही भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का अंत हुआ और भारत में कई गुरुकुल बंद हुए तथा उनके स्थान पर कान्वेंट और पब्लिक स्कूल खोले गए।

आधुनिक भारतीय चिंतन परम्परा में शिक्षा संबंधी अपनी मौलिक चिंतन के लिए जिस विद्वान को याद किया जाना चाहिए उनमें एक विशिष्ट नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय का है। दीनदयाल जी शिक्षा को व्यष्टि और समष्टि को जोड़ने वाला सूत्र मानते हैं। समाज में शिक्षा के स्थान की प्राथमिकता और गरिमा का बोध कराते हुए दीनदयाल जी कहते हैं, "हमारे शास्त्रकारों के अनुसार यह ऋषि ऋण है जिसे चुकाना प्रत्येक का कर्तव्य है। जब हम भावी संतति की शिक्षा की व्यवस्था करते हैं, तो हमारी उनके प्रति उपकार की भावना नहीं रहती अपितु हमें जो कुछ धरोहर अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है, उसे आगे की पीढ़ी को सौंपकर उनके ऋण से उऋण होने की मनीषा रहती है।"

जॉन बुकन ने इसी भाव को इन शब्दों में व्यक्त किया है – "हम भूत के ऋण से उऋण हो सकते है, यदि भविष्य को अपना ऋण बनाए।"

दीनदयाल जी भी शिक्षा को सभी के लिए जन्मसिद्ध अधिकार मानते थे। उनका मत था कि प्रत्येक लोकतान्त्रिक सरकार का यह कर्तव्य है कि समाज के सभी वर्गों के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने के समान अवसर प्राप्त हों। समाज द्वारा इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षा ही समाज को सभ्य और सुसांस्कृतिक बनाती है। लेकिन शिक्षा का विक्रय समाज के लिए घातक होगा। अतः शिक्षा सुनिश्चित व निःशुल्क होनी चाहिए। इस सन्दर्भ में वे लिखते हैं–

"बच्चों को शिक्षा देना समाज हित में है। जन्म से मानव में प्रकृति प्रदत्त शक्तियां होती है, लेकिन उनका संरक्षण और संवर्धन करना परिवार तथा समाज का कर्तव्य है। शिक्षा और संस्कार से, वह अभिन्न घटक बनता है। जो काम समाज के हित में हो उसके लिए शुल्क लिए जाए, ये तो उल्टी बात है। हमारे देश में उच्चतम श्रेणी तक शिक्षा निःशुल्क थी। गुरुकुलों में तो भोजन और रहने की व्यवस्था आश्रमों में थी। समाज द्वारा ही शिक्षा की व्यवस्था थी।"

दीनदयाल जी शिक्षा के व्यवसायिकीकरण के विरुद्ध थे, क्योंकि शिक्षा दान भी समाज सेवा का एक माध्यम है। वे शिक्षा की दोहरी व्यवस्था के भी खिलाफ थे। वे इस बात को बहुत ही स्पष्टता से कहते थे कि पब्लिक स्कूल समाज में विषमता पैदा

करता है। निर्धनता के कारण करोड़ो निर्धन परिवारों के बच्चे जो पब्लिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से कम मेधावी नहीं हैं, उनके मन में हीन भावना पैदा होती है।

उपाध्याय जी कहते हैं 'शिक्षा समाज में भेद निर्माण करने वाली न होकर एकात्म भाव निर्माण करने वाली हो। भारत के पब्लिक स्कूल इस उद्देश्य के प्रतिकूल हैं। आवश्यकता है कि सभी सरकारी, गैरसरकारी शिक्षण संस्थाओं का शिक्षण स्तर ऊँचा किया जाए। देश में बहुत–सी संस्थाएँ ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाई जा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विदेशियों को अधिकार देना कहाँ तक बुद्धिमानी है। उनका उद्देश्य हमारे बच्चों को शिक्षित और संस्कारी बनाना नहीं है। उसका मूल उद्देश्य ईसाई धर्म का प्रचार करना है। अपरिपक्व मस्तिष्क पर विदेशी शक्तियों को प्रभाव डालने की अनुमति देना। जड़ को काटने की स्वतंत्रता देना ही है।"

दीनदयाल उपाध्याय जी यह भी मानते हैं कि शिक्षा केवल शालेय उपक्रम मात्र नहीं है, वरन एक सम्पूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है। उनकी मान्यता है कि, "शिक्षा के व्यापक अर्थों में समाज का प्रत्येक घटक शिक्षक है। अतः प्रथम शिक्षक हैं समाज, द्वितीय– शालेय अध्यापक व तृतीय है व्यक्ति स्वंय।" इस शिक्षक त्रयी को शास्त्रकारों ने इन वाक्यों में प्रतिबिंबित किया है– क. माता प्रथम गुरु, ख. आचार्य देवों भव, ग. आत्मदीपो भव।

इन तीनों शिक्षकों के शिक्षा देने के अलग–अलग माध्यम है। प्रथम संस्कार, द्वितीय अध्ययन व तृतीय स्वाध्याय।

उपाध्याय जी कहते हैं, "शालेय शिक्षा अकेले मनुष्य का निर्माण नहीं करती, संस्कार और अध्यापन का बहुत सा ऐसा क्षेत्र है, जो शालेय क्षेत्र से बाहर है। यदि इन दोनों में विरोध रहा तो विद्यार्थी के जीवन में एक अंतर्द्वंद्व स्थापित हो जाता है। एक समन्वित, एकीकृत, सर्वांगपूर्ण, अखंड व्यक्तित्व का विकास होने के स्थान पर उसकी प्रकृति में विभिन्न निष्ठाओं का समावेश हो जाता है। समाज और उसके बीच एक खाई पड़ जाती है।"

गाँधी जी की तरह ही उपाध्याय जी भी मातृभाषा में शिक्षा देने के पक्षधर थे। शिक्षा स्वभाषा में होनी चाहिए। विदेशी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना एक तो कृत्रिमता पैदा करती है, दूसरा सामाजिक सरोकारों से उनका कोई सम्बन्ध नहीं रहता है। भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है। यह स्वयं में एक अभिव्यक्ति है। भाषा के एक–एक शब्द, वाक्य रचना, मुहावरा आदि के पीछे समाज जीवन की अनुभूतियाँ, राष्ट्र की घटनाओं का इतिहास छिपा हुआ है। फिर स्वभाषा व्यक्ति को अलग अलग प्रकोष्ठों में नहीं बांटती। अंग्रेजी भाषा के दुष्परिणामों की ओर संकेत करते हुए दीनदयाल जी कहते हैं, "आज शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी के प्रभुत्व एवं एकाधिकार ने हमें इन भाषाओं (विश्व की भाषाएँ रूसी, फ्रैंच, जर्मन, स्पेनिश आदि) से भी दूर कर दिया है। फलतः आज विश्व को अंग्रेजी भाषा- भाषी जगत के चश्मे से देख रहे हैं। अंग्रजी हमे दुनिया से जोड़ने वाली कड़ी नहीं है, बल्कि बहुत बड़े भाग से तोड़ने वाली सिद्ध हो रही है।

उपाध्याय जी का मत है कि भारतीय भाषाओं से ही हमारे युवक संस्कारित हो सकते हैं। समाज में जिन लोगों को यह भ्रम है कि अंग्रेजी माध्यम के छात्र ही विद्वान हो सकते हैं, यह उनका भ्रम है। हमारे देश में स्वभाषा में शिक्षा पाकर बड़े–बड़े विद्वान हुए हैं।

शिक्षा की सर्वांगपूर्णता की प्रथम शर्त है – "संस्कारक्षम समाज अर्थात व्यक्ति–व्यक्ति में शिक्षा के विषय में उत्तरदायित्व की भावना आवश्यक है। 'शिक्षा' से प्राप्त सामर्थ्य समाज को सदैव सही रास्ता खोजने के लिए सिद्ध करता है।"

दीनदयाल जी स्वंय एक गंभीर चिन्तक थे। स्वाध्याय उनकी दैनंदिनी दिनचर्या का अभिन्न अंग था। अपने प्रवास के समय वे प्रायः यात्राओं में अध्ययनरत रहते थे। इसीलिए वे सम्पूर्ण देश में सर्वशिक्षा अभियान चलाने के पक्ष में थे। निरक्षरता को वे समाज का सबसे बड़ा कलंक मानते थे।

इस प्रकार हम देखते हैं कि दीनदयाल उपाध्याय जी ने वर्तमान शिक्षा में व्याप्त उन सभी विसंगतियों पर प्रकाश डाला है, जो इस्लामिक और ईसाई शिक्षा के प्रभाव में आने के कारण नष्ट हो गयी हैं। जैसा कि हम पूर्व में कह आये हैं कि प्राचीन काल में हमारी शिक्षा पद्धति बहुत ही उत्कृष्ट रही है, उस शिक्षा पद्धति के कारण ही ज्ञान, प्रज्ञा और सत्य की खोज को भारतीय विचार परंपरा और दर्शन में सदा सर्वोच्च मानवीय लक्ष्य माना जाता था। इन्हीं उद्देश्यों का समावेश इस महापुरुष की शिक्षा सम्बन्धी संकल्पनाओं में प्रखरता से मौजूद है। यह लेख इन्हीं कुछ महत्वपूर्ण संकल्पनाओं की ओर ध्यान दिलाता है जो भारतीय समाज में भारतीयता का बोध जागृत कर सके, राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना और राष्ट्र के प्रति नैतिक मूल्यों का बोध करा सके तथा भारतीय शिक्षा पद्धति के माध्यम से शिक्षा का भारतीयकरण कर सके।

**सन्दर्भ :**


1. त्रिपाठी, डॉ. प्रयाग नारायण, भारतीय चिंतन परम्परा के वाहक : गाँधी लोहिया और दीनदयाल,राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली
2. पं. दीनदयाल उपाध्याय – विचार दर्शन,एकात्म मानव दर्शन, 2014 – सुरुचि प्रकाशन
3. दीनदयाल उपाध्याय– राष्ट्र चिंतन , अध्याय–14, शिक्षा पृष्ठ 94
4. पं. दीनदयाल उपाध्याय – विचार दर्शन,एकात्म मानव दर्शन, 2014 – सुरुचि प्रकाशन
5. जोग, बलवंत नारायण : 1991 "पं. दीनदयाल उपाध्याय विचार दर्शन" खंड 6, सुरुचि प्रकाशन, झंडेवालान, नई दिल्ली–110055
6. माथुर, एस.एस. : 1997 "शिक्षा के दार्शनिक तथा सामाजिक आधार", विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
7. यंग इण्डिया, 24.9.1925
8. शर्मा डॉ. महेश – दीनदयाल उपाध्याय – कृतित्व एवं विचार – एकात्म मानववाद।